राजेश कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 10.12.2025 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावली की तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-

---

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित जिले के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में दिनांक 25.11.2025 से 10.12.2025 तक प्राप्त दावा/आपत्ति आवेदन एवं उक्त आवेदन के निस्तार तथा अभिलेख संधारण की समीक्षा की गई।

<u>समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश दिये गये :-</u>

1. प्राप्त दावा/आपत्ति संबंधी आवेदनों का डिजिटाईजेशन यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए पदाभिहित पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरांत की गई अनुशंसा के आलोक में उक्त आवेदनों का निस्तार दिनांक 15.12.2025 तक करने का निदेश सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी को दिया गया।

2. दावा/आपत्ति संबंधी प्राप्त आवेदनों के निस्तार के क्रम में पूर्व की भाँति विधिवत् अभिलेख तैयार करने का निदेश दिया जाता है। उक्त संधारित अभिलेखों की जाँच जिलावार प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया में निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिनांक 20-25 दिसंबर के बीच की जायेगी।

3. दावा/आपत्ति संबंधी किसी भी आवेदक का आवेदन निस्तार हेतु छूट नहीं जाय इसके लिए सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी/अन्य सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/पदाभिहित पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में उक्त आवेदनों की प्राप्ति की जाँच/समीक्षा कर सुनिश्चित हो लेंगे। निर्वाचक सूची की तैयारी का यह अंतिम चरण है इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगा।

4. पदाभिहित पदाधिकारियों द्वारा भेजे जानेवाले संख्यात्मक प्रतिवेदन सही है अथवा नहीं, इस संबंध में संबंधित नोडल पदाधिकारी आवश्यक जाँच/समीक्षा कर सुनिश्चित हो लेंगे ताकि प्रतिवेदन में किसी भी प्रकार की भिन्नता परिलक्षित न हो।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०/-
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र
-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक ......6897...... पूर्णिया, दिनांक ..10-12-2025..

प्रतिलिपि :- सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज/सहरसा/सुपौल/मधेपुरा/भागलपुर/बाँका/मुंगेर/खगड़िया/जमुई/लखीसराय/शेखपुरा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सभी नोडल पदाधिकारी/उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Rajesh k.
10/12/25.
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र
-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।